आईएमएस के छात्रों ने बुजुर्गों के साथ बिताया समय

इंदौर। नईदुनिया रिपोर्टर

देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी के आईएमएस विभाग में सीमैट प्रवेश परीक्षा के परिणाम से प्रवेश लेने वाले छात्रों के दीक्षारंभ कार्यक्रम का समापन रविवार को हुआ। इसके तहत खेलकूद, मेडिटेशन, एक्सपर्ट सेशन, जीवन मूल्यों पर चर्चा सहित कई तरह की एक्टिविटीज हुई। ईएमआरसी संस्थान के डॉ. अखिलेश सिंह ने वीडियो प्रोडक्शन तकनीक और ऑनलाइन कोर्सेस के बारे में छात्रों को जानकारी दी। एक्सपर्ट धीरज शर्मा ने छात्रों को इंडस्ट्री रेडी बनने के लिए किताबों के साथ व्यावहारिक ज्ञान अर्जित करने की बात कही।

यूनिवर्सिटी के आईएमएस के छात्र रविवार को वृद्धाश्रम पहुंचे। ● नईदुनिया

छात्र शिक्षा लेने के साथ समाजसेवा भी करते रहे इसके लिए छात्रों को डॉ. यामिनी करमरकर जगन्नाथ वृद्धाश्रम ले जाया गया। यहां बच्चों ने बुजुर्गों के साथ केक काटा और उनके साथ गीत गाए। यहां अन्य तरह की एक्टिविटी भी हुई । यातायात सुरक्षा, जल संरक्षण, स्वच्छता और नशे से दूरी विषयों पर डॉ. पीयूष केंदुरकर ने छात्रों को जानकारी दी। छात्रों ने नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर कुलपति डॉ. रेणु जैन भी उपस्थित थीं। उन्होंने छात्रों को कहा कि यातायात नियमों का पालन करें। आईएमएस की डायरेक्टर डॉ. संगीता जैन ने छात्रों को बताया कि संस्थान का यह स्वर्ण जयंती वर्ष है। इस स्वर्ण जयंती बैच का हिस्सा बनने पर बच्चों को बधाई दी। कार्यक्रम में ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट अधिकारी डॉ. निशिकांत वाईकर सहित कई प्रोफेसर मौजूद थे।